तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

# हरिभूमि जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 16 जुलाई 2026

[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



4 रथयात्रा आज : नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान जगन्नाथ




## खबर संक्षेप

### जिले में पदस्थ तहसीलदार, नायब तहसीलदारों का नवीन पदस्थापना

**जांजगीर-चांपा।** जिले में पदस्थ तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को प्रशासनिक आधार पर आदेश जारी कर आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से नवीन पदस्थापना पर पदस्थ किया है। आराधना प्रधान को तहसीलदार नवागढ़ से अतिरिक्त तहसीलदार बलौदा, पुलकित साहू को संलग्न जिला कार्यालय से तहसीलदार सारागांव, श्रीमती श्वेता यादव को अतिरिक्त तहसीलदार बलौदा से संलग्न जिला कार्यालय भू-अभिलेख शाखा, राजकुमार मरावी को तहसीलदार जांजगीर से तहसीलदार चांपा की पदस्थापना की गई है।


# एलएलबी की परीक्षा भी नहीं और एलएलएम में शुरू कर दिया था एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय ने विधि संकाय में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर ऐसी प्रशासनिक चूक कर दी, जिसने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विश्वविद्यालय ने एलएलएम (विधि स्नातकोत्तर) में प्रवेश के लिए 24 जून को अधिसूचना जारी कर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए, आवेदन प्राप्त होने के बाद मेरिट सूची भी जारी कर दी, जबकि एलएलबी (विधि स्नातक) की परीक्षाएं ही अभी तक आयोजित नहीं हुई हैं।एलएलबी की परीक्षा और परिणाम के बिना एलएलएम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू किए जाने पर विद्यार्थियों और संबद्ध विधि महाविद्यालयों ने आपत्ति दर्ज कराई। मामला सामने आते ही विश्वविद्यालय प्रशासन को अपनी गलती का एहसास हुआ और आनन-फानन में नई अधिसूचना जारी करनी पड़ी।

विश्वविद्यालय ने 14 जुलाई को जारी अधिसूचना में कहा है कि एलएलएम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया फिलहाल जारी रहेगी, लेकिन प्रवेश से संबंधित आगे की समस्त कार्रवाई एवं मेरिट सूची अधिसूचना अगले आदेश तक स्थगित रहेगी।इस पूरे घटनाक्रम ने विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया और प्रशासनिक समन्वय पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विधि विद्यार्थियों का कहना है कि जब एलएलबी की परीक्षाएं ही नहीं हुई हैं और अंतिम वर्ष के परिणाम घोषित नहीं हुए हैं, तब सत्र 2026-27 के लिए आईआईएम में एडमिशन और पंजीयन के साथ एलएलएम की मेरिट सूची जारी करना नियमों और शैक्षणिक प्रक्रिया के विपरीत है। उनका आरोप है कि विश्वविद्यालय ने बिना शैक्षणिक कैलेंडर का समुचित आकलन किए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी, जिससे विद्यार्थियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इधर बीते पखवाड़े भर्ती चली आ रही यह प्रक्रिया मंगलवार को एक और अधिसूचना के साथ आगामी आदेश तक बढ़ा दी गई है अब पंजीयन की प्रक्रिया जारी रहेगी लेकिन मेरिट सूची और आगे की प्रक्रिया आगामी अधिसूचना जारी होने के बाद होगी।

## रायगढ़ विवि में लापरवाही की हद, ऐनवक्त पर सूच निरस्त



### आगामी अधिसूचना तक जारी रहेगा पंजीयन

एल एल एम में प्रवेश के लिए पंजीयन की तिथि बढ़ा दी गई है। पंजीयन अभी जारी रहेगा वर्तमान में स्नातक निकलने वाले विधि के छात्र भी इसमें शामिल हो सकते हैं इसलिए पंजीयन तिथि बढ़ाई गई है पूर्व में जो कार्यक्रम निर्धारित था उसे निरस्त कर दिया गया है।

**- तरुण धर दीवान**
कुल सचिव
शहीद नंद कुमार पटेल विवि रायगढ़

## ऐसे हुई पूरी गड़बड़ी

- 24 जून को एलएलएम प्रवेश की अधिसूचना जारी।
- ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए
- आवेदन के बाद मेरिट सूची भी प्रकाशित कर दी गई
- इस बीच एलएलबी की परीक्षाएं ही आयोजित नहीं हुई थीं।
- 14 जुलाई को नई अधिसूचना जारी कर आगे की प्रक्रिया आगामी आदेश तक स्थगित

### एक दिवसीय अवकाश पर जाने से शालाओ में बच्चो की पढाई हुई प्रभावित

# सात सूत्रीय मांगो को लेकर प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वेतन विसंगति समेत 7 सूत्रीय मांगो को लेकर प्राथमिक स्कूल शिक्षक संघ ने मोर्चा खोल दिया। शिक्षको के एक दिवसीय हडताल पर चले जाने के कारण बच्चो की पढाई लिखाई प्रभावित हुई। जिले में 7 सौ से अधिक प्राथमिक स्कूल का संचालन किया जा रहा है।

गौरतलब है कि वेतन विसंगति, पुरानी मांग,पूर्व सेवा गणना सहित 7 सुत्रीय मांगो को प्राथमिक स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षको ने मोर्चा खोला दिया। बुधवार 15 जुलाई को शिक्षको ने सामुहिक अवकाश लेकर आंदोलन किया। जिसके कारण प्राथमिक स्कूल में पढने लिखने वाले बच्चो की पढाई लिखाई प्रभावित हुई। जांजगीर चाम्पा जिले में 700 सौ से अधिक प्राथमिक स्कूलो का संचालन किया जा रहा है। जहां हजारो की तादाद में बच्चे पढाई लिखाई कर रहे है। शिक्षको के आंदोलन पर चले जाने के कारण बच्चो को काफी परेशानी उठानी पडी।



स्कूल में पढाई करते बच्चे।

बुधवार को अधिकांश सरकारी प्राथमिक स्कूलो में अध्ययन रत बच्चे पढने लिखने के लिए पहुंचे। इस बीच उन बच्चो को किसी तरह व्यवस्था बनाकर मिडिल स्कूलो के शिक्षको के द्वारा पढाने के साथ बच्चो के मध्यान भोजन की व्यवस्था बनाई गई। हांलाकि प्राथमिक स्कूल में पदस्थ शिक्षको के द्वारा एक दिवसीय आंदोलन मे चले जाने की सूचना अधिकारियो को दी गई थी। जिन स्कूलो में एक साथ प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल संचालित नही हो रहे है। वहां के प्राथमिक स्कूलो में पढने वाले वाले बच्चो को सबसे अधिक परेशानी उठानी पडी। जिले के पामगढ, नवागढ, बलौदा, बम्हनीडीह एवं नवागढ ब्लाक में प्राथमिक स्कूल के बच्चो की पढाई प्रभावित हुई है। शिक्षक संघ का कहना है कि उनकी मांगो को लेकर ध्यान नही दिए जाने पर उनके द्वारा राज्य स्तर पर आंदोलन की तैयारी की जा रही है।

## बारकोड स्केनिंग ने बढ़ाई परेशानी

इधर सरकारी प्राथमिक स्कूलो में बच्चो की पढाई लिखाई कार्य बुधवार 1 जुलाई से प्रारंभ हो गया है। वही सरकारी प्राथमिक स्कूलो में पढने वाले कई छात्रो को अब तक पूरी पुस्तके नही मिल पाई है। जिसके कारण छात्रो की पढाई प्रभावित हो रही है। पिछले साल से सरकारी स्कूलो में बच्चो को पुस्तके वितरण करने के पूर्व पुस्तक की बारकोड स्केनिंग को जरूरी कर दिया गया है। वही इसकी जानकारी शिक्षको के द्वारा अपनी मोबाइल मे अपलोड की जाति है। तब छात्रो को पुस्तको का वितरण हो पाता है।

### ली जाएगी जानकारी

प्राथमिक स्कूलो में पदस्थ शिक्षको के एक दिवसीय आंदोलन करने को लेकर किसी तरह की सूचना नही मिली है। इसकी जानकारी ली जाएगी

**-अशोक कुमार सिन्हा,**
डीईओ, जांजगीर चांपा

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, नाराज ग्रामीण पहुंचे थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर के समीप घठोली चौक के पास मंगलवार रात करीब 9 बजे हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतनी भयानक था कि दोनों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। इधर घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीण चांपा थाना पहुंचे एवं कार्रवाई की मांग की। प्रशासन द्वारा दोनों मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार रुपए सहायता राशि दिए जाने पर मामला शांत हुआ।



घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 14 जुलाई को रात 10 बजे सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम कमरीद निवासी संजय हंसराज उम्र 22 वर्ष, परमेश्वर सूर्यवंशी उम्र 22 वर्ष और चंद्रकांत सूर्यवंशी किसी काम से चांपा गए हुए थे। काम पूरा कर वापस लौटते समय घठोली और हथनेवरा के बीच उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। भीषण टक्कर में संजय हंसराज और परमेश्वर सूर्यवंशी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं चंद्रकांत सूर्यवंशी घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही चांपा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बीडीएम अस्पताल, चांपा भेजा। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। इधर, हादसे से नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए और सड़क पर चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश दी, जिसके बाद काफी देर बाद जाम समाप्त कराया गया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है तथा ट्रक चालक के संबंध में भी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। हालांकि बाद में नाराज ग्रामीण थाना चांपा पहुंच गए। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें सूचना दिए बिना ही घटनास्थल से शव हटा दिए। इसी बात को लेकर थाना परिसर में ग्रामीणों और पुलिस के बीच चर्चा और बातचीत का दौर चला। प्रशासन द्वारा मृतक के परिजनों को 25-25 हजार रुपए की तत्कालिक सहायता राशि दिए जाने पर मामला शांत हुआ। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है।

# स्टाम्प पेपर में शिकायत लिखकर कलेक्टोरेट पहुंचे पार्षद नागरिक, प्रधानमंत्री आवास में वसूली का आरोप

**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ में प्रधानमंत्री आवास के नाम पर वसूली का गंभीर आरोप लगाते हुए पार्षद व नागरिकों ने मोर्चा खोल दिया है। खास बात यह है कि स्टाम्प पेपर में शिकायत लिखकर कलेक्टोरेट पहुंचे शिकायतकर्ताओं ने आवास के नाम पर 20-20 हजार रुपए मांगने का आरोप लगाया है।



नपं नवागढ़ से बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे महिला पुरूष और पार्षद ने कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। खास बात यह है कि पूरी शिकायत 10-10 रुपए के स्टाम्प पेपर में लिखी गई है, जिसे नोटरी के समक्ष सत्यापित भी कराया गया है। शिकायतकर्ताओं ने सीधे सीधे नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना देवांगन के खिलाफ आरोप लगाया है। इधर इस मामले में अध्यक्ष श्रीमती अर्चना देवांगन का कहना है कि आवास में अवैध वसूली की शिकायत उन्होंने ही की थी, जिस पर इंजीनियर के खिलाफ कार्रवाई भी हुई अब वे ही लोग उन पर मिथ्या आरोप लगा रहे है।

## आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन कल

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 17 जुलाई शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आई.टी.आई. कुलीपोटा जांजगीर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। इसय दौरान रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक परिश्रम रिसोर्सेज प्रा.लि गुडगांव, चैतन्य इंडिया फाईनेस प्रा.लि.रायगड व एस.आई.एस .सिक्युरिटी सर्विस जशपुर उपस्थित रहेगें।

# स्कूल वाहनों की जांच, 9 गाड़ियों पर 21 हजार का काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले में निजी स्कूल वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों में फिटनेस, इंश्योरेंस, परमिट नहीं पाए जाने पर 9 गाड़ियों पर कार्रवाई करते हुए 21 हजार का चालान काटा गया है।



नये शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही सक्ती पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने स्कूल परिवहन में लगे सभी वाहनों के दस्तावेज अद्यतन करने व नाबालिग बच्चों द्वारा स्कूल जाने आने में वाहन के उपयोग पर प्रतिबंधित किए जाने के निर्देश दिए गए है। इसी के तहत बुधवार 15 जुलाई को यातायात प्रभारी वाय.एन. शर्मा द्वारा स्कूल प्रबंधन व पालकों को समझाइश दे रही थी तथा स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों की चेकिंग कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को पंकज पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सक्ति के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी वाय. एन.शर्मा ने लक्ष्मण महानदिया के नेतृत्व मे स्कूल वाहनों की जांच की गई। इस बीच 9 वाहन अनफिट, इंश्योरेंस परमिट नहीं पाए गए। इस मामले में 9 वाहनों पर 21 हजार का चालान काटा गया है। उक्त कार्रवाई में प्रधान आरक्षक आनंद राम कँवर, आरक्षक दिलेश्वर साहू, आरक्षक रामानंद राठौर, आरक्षक सुभाष सिदार, आरक्षक विजय जोल्हे की टीम डभरा क्षेत्र के स्कूलों मे चेकिंग हेतु भेजी यातायात पुलिस सक्ति की टीम ने कृष्णा पब्लिक स्कूल डभरा सक्ति के वाहनों की जांच की गई। स्कूल प्रबंधन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया कि सभी वाहनों में दस्तावेज अपग्रेड करवाये। इधर कार्रवाई से प्रबंधन में हडकंप मच गया।









# मेरे लिए फिटनेस का मतलब है हेल्दी-एक्टिव-एनर्जेटिक रहना

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'हस्तिनापुर के वीर' में गुरु द्रोणाचार्य की भूमिका जितेन लालवानी निभा रहे हैं। शो में उनकी बॉडी बहुत फिट और टोंड दिख रही है। इसे मेंटेन करने के लिए वे किस तरह का डाइट प्लान और वर्कआउट रूटीन फॉलो करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।



**फिटनेस फंडा**

**जितेन लालवानी**

मेरे लिए फिटनेस का मतलब सिर्फ मसल्स बनाना नहीं है, बल्कि हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहना है, ताकि मैं स्क्रीन पर ही नहीं अपनी निजी जिंदगी में भी अपना बेस्ट दे सकूं।

**डाइट प्लान:** मैं आमतौर पर एक दिन में 2,000 से कम कैलोरी लेता हूं। हालांकि जब मेरा लक्ष्य मसल्स गेन करना था, तब मैंने अपनी कैलोरी बढ़ाकर लगभग 2,800-3,000 प्रतिदिन कर दी थी। मैं मोस्टली वेजीटेरियन हूं, इसलिए प्रोटीन के लिए मुख्य रूप से पनीर, दाल, सोया चंक्स और अंडों पर निर्भर रहता हूं। मैं दिन में तीन बार भोजन करता हूं और कोशिश करता हूं कि रात का खाना जल्दी खा लूं। अगर रात में 9 बजे से ज्यादा लेट हो जाता है तो मैं आमतौर पर डिनर छोड़ देता हूं।

**वर्कआउट रुटीन:** मैं सप्ताह में कम से कम 4-5 दिन वर्कआउट करता हूं। मेरा रुटीन इस प्रकार का होता है-

सोमवार को लेग्स स्ट्रेंथनिंग। मंगलवार को चेस्ट, शोल्डर्स और ट्राइसेप्स। बुधवार को बैक और बाइसेप्स। गुरुवार को एब्स और कार्डियो। शुक्रवार को फिर लेग्स स्ट्रेंथनिंग। शनिवार को फुल अपर बॉडी वर्कआउट। जिम के अलावा मैं हर शाम अपने शेड्यूल के अनुसार 5,000 से 10,000 स्टेप्स वॉक भी करता हूं।

मैं हमेशा अपने साथ एक रेजिस्टेंस बैंड भी रखता हूं। अगर किसी दिन जिम जाना संभव नहीं हो पाता, तो मैं अपने मेकअप रूम में ही कुछ सेट्स पुश-अप्स और रेजिस्टेंस बैंड की बेसिक एक्सरसाइज कर लेता हूं, ताकि मेरा वर्कआउट मिस न हो।

**मैनेज करता हूं टाइम:** अगर मैं सिर्फ एक शो को शूट कर रहा होता हूं, तो फिटनेस के लिए समय निकालना अपेक्षाकृत आसान होता है, क्योंकि आमतौर पर महीने में 15-20 दिन ही शूटिंग करनी होती है। लेकिन जब एक साथ दो शो कर रहा होता हूं, तब टाइम मैनेजमेंट करना थोड़ा चैलेंजिंग हो जाता है। दो शोज को साथ में मैनेज करना मुश्किल जरूर होता है, लेकिन मैं उसे भी पूरी पॉजिटिविटी के साथ निभाता हूं और जो भी जितना भी टाइम मिलता है, उसमें वर्कआउट करता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मैं खुद को हमेशा एक्टिव और बिजी रखने की कोशिश करता हूं। नियमित वर्कआउट करता हूं, वॉक करता हूं और अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताता हूं। साथ ही, मैं हमेशा कुछ नया सीखने की कोशिश करता हूं, चाहे वह अभिनय से जुड़ा हो या जीवन से, क्योंकि नई चीजें सीखना मुझे प्रेरित करता है। बेशक हर किसी की जिंदगी में तनाव वाले दिन आते हैं, लेकिन मैंने यह सीख लिया है कि नकारात्मकता को ज्यादा देर तक अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। मैं उन चीजों पर ध्यान देता हूं, जो मेरे नियंत्रण में हैं, हर दिन के लिए आभारी रहता हूं और एक-एक दिन करके आगे बढ़ता हूं। यही संतुलन मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखता है।

**फिटनेस आइडल:** ऐसे कई लोग हैं, जिनसे मैं इंस्पायर होता हूं। लेकिन अगर मुझे किसी एक का नाम लेना हो, तो मैं अनिल कपूर का नाम लूंगा। जिस तरह उन्होंने वर्षों से अपनी फिटनेस, एनर्जी और डिसिप्लीन को बनाए रखा है, वह वास्तव में इंस्पायरिंग है।

**रीडर्स को मैसेज:** मैं रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि सीखना और खुद पर काम करना कभी बंद मत कीजिए। सफलता रातों-रात नहीं मिलती, बल्कि हर दिन लगातार मेहनत करने से मिलती है, चाहे उस दिन आपका मन करे या नहीं। अपनी सेहत का भी पूरा ध्यान रखें, क्योंकि वही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है। अनुशासित रहें और मेहनत करने से कभी न घबराएं। चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन अगर आप लगातार प्रयास करते रहेंगे और धैर्य बनाए रखेंगे, तो वही चुनौतियां आपको और मजबूत बनाएंगी। सबसे जरूरी बात, हमेशा विनम्र रहें, कृतज्ञ रहें और इस सफर का आनंद लें। मंजिल महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी ज्यादा अहम वह इंसान है, जो आप इस सफर के दौरान बनते हैं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

---

अधिकतर लोग रोजाना कोई न कोई ऐसा सेल्फ केयर प्रोडक्ट यूज करते हैं, जिसमें केमिकल्स होते हैं। ऐसे प्रोडक्ट्स किस तरह से आपके लिए हार्मफुल हो सकते हैं, इनके साइड इफेक्ट्स से बचने के लिए आप क्या सावधानियां बरत सकते हैं और इनके क्या बेहतर ऑप्शंस हो सकते हैं, आपको जरूर जानना चाहिए।

# क्या आप भी अक्सर करते हैं यूज केमिकल बेस्ड सेल्फ-केयर प्रोडक्ट्स!



**अवेयरनेस**

**रजनी अरोड़ा**

आज के समय में शैंपू, साबुन, फेस वॉश, मॉयश्चराइजर, डिओडरेंट, परफ्यूम, हेयर डाई, शेविंग क्रीम, मेकअप, लिपस्टिक और इंटीमेट हाइजीन उत्पाद दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। पुरुष हों या महिलाएं, लगभग हर व्यक्ति किसी-न-किसी सेल्फ-केयर प्रोडक्ट का उपयोग करता है। लेकिन केमिकल बेस्ड ऐसे उत्पादों का लंबे समय तक, बार-बार या गलत तरीके से उपयोग स्वास्थ्य को प्रभावित भी कर सकता है।

कुछ शोधों से पता चला है कि सेल्फ-केयर उत्पादों के माध्यम से अनेक महिलाएं (करीब 168) और पुरुष (करीब 120) अलग-अलग रसायनों के संपर्क में रोजाना आते हैं। ये रसायन मानव रक्त, बाल, मूत्र और यहां तक कि मां के स्तन के दूध में भी पाए गए हैं। यानी ये केवल त्वचा पर नहीं रहते, वे शरीर के भीतर तक पहुंच जाते हैं और जमा होते रहते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि सेल्फ-केयर उत्पादों का उद्देश्य शरीर को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि उसे स्वस्थ, साफ और आरामदायक रखना है। लेकिन ये उत्पाद कितने सुरक्षित हैं. यह उसमें मौजूद विभिन्न घटकों की मात्रा, गुणवत्ता और नियामक मानकों के माध्यम से ही तय नहीं होता। उसके सही ढंग से उपयोग करने और उससे शरीर या त्वचा पर होने वाले नुकसान पर भी निर्भर करता है। इसलिए स्त्री-पुरुष दोनों के लिए जरूरी है कि उत्पादों को समझदारी से चुनें, अनावश्यक रसायनों के संपर्क को कम करें और अपनी त्वचा की वास्तविक जरूरतों को पहचानें।

**शैंपू-साबुन-बॉडी वॉश:** झाग बनाने के लिए अकसर इनमें सोडियम लॉरिल सल्फेट (एसएलएस) और सोडियम लॉरेथ सल्फेट (एसएलईएस) जैसे पदार्थ मिलाए जाते हैं। संवेदनशील त्वचा वालों में एक्जिमा, रूसी या सूखे बालों वाले लोगों में खुजली, रूखापन, जलन और बालों का खिंचाव बढ़ा सकते हैं। कुछ उत्पादों में पैराबेंस, कृत्रिम रंग और तेज कृत्रिम सुगंध भी होती है, जो एलर्जी या त्वचा पर चकत्ते पैदा कर सकते हैं। ऐसे में सल्फेट मुक्त, कम सुगंध वाले, पीएच संतुलित और डर्मेटोलॉजिकली टेस्टेड उत्पाद बेहतर विकल्प हो सकते हैं। रीठा, शिकाकाई, आंवला, एलोवेरा, ओटमील और ग्लिसरीन जैसे घटकों वाले हल्के उत्पाद भी उपयोगी हो सकते हैं। हालांकि नया उत्पाद लगाने से पहले त्वचा के छोटे हिस्से पर पैच टेस्ट करना उचित रहता है।

पानी एक यूनिवर्सल सॉल्वेंट है, जो नहाने पर गंदगी को आसानी से हटा देता है। केमिकलयुक्त साबुन के बजाय बेसन और हल्दी का उबटन, मुल्तानी मिट्टी, कच्चा दूध और हल्दी, मूंग दाल पावडर, चंदन पावडर इस्तेमाल कर सकते हैं। ये प्राकृतिक क्लींजर बिना नेचुरल ऑयल निकाले स्किन को साफ करते हैं।

**फेस वॉश, क्रीम और मॉयश्चराइजर:** चेहरे की त्वचा शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक नाजुक होती हैं। बहुत अधिक अल्कोहल, तेज सुगंध, कठोर क्लींजर या अनावश्यक स्क्रबिंग वाले फेस वॉश त्वचा की प्राकृतिक सुरक्षा परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे चेहरा सूखा, लाल, खिंचा हुआ या संवेदनशील महसूस हो सकता है।

फेस वॉश चुनते समय सोप-फ्री, फ्रेगनेंस-फ्री, जेंटल क्लींजर या आयुर्वेदिक क्रीम उपयोगी हो सकते हैं। मॉयश्चराइजर में ग्लिसरीन, सेरामाइड, हायलूरोनिक एसिड, शिया बटर, जोजोबा ऑयल या बादाम तेल जैसे तत्व त्वचा को नमी देने में मदद कर सकते हैं। तैलीय त्वचा वाले व्यक्ति हल्के, नॉन-कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर चुन सकते हैं, जबकि शुष्क त्वचा वालों को अधिक मॉयश्चराइजिंग क्रीम की आवश्यकता हो सकती है।

**फेयरनेस-स्किन व्हाइटनिंग क्रीम:** त्वचा को गोरा बनाने का दावा करने वाली कुछ नकली उत्पादों में हाइड्रोक्विनोन, कॉर्टिकोस्टेरॉइड और पारा यानी मरकरी जैसे रसायन पाए गए हैं। हाइड्रोक्विनोन त्वचा के मेलानिन पर असर डाल सकता है, जबकि कॉर्टिकोस्टेरॉइड का बिना चिकित्सकीय सलाह लंबे समय तक उपयोग त्वचा को पतला, लाल और संवेदनशील बना सकता है। मरकरी युक्त उत्पाद त्वचा के अलावा किडनी और तंत्रिका तंत्र के लिए भी गंभीर चिंता का विषय हो सकते हैं। ऐसी क्रीमों से तत्काल चमक या गोरेपन का अनुभव हो सकता है, लेकिन लंबे समय में दाग-धब्बे, मुंहासे, त्वचा की कमजोरी, असमान रंगत और सूर्य की रोशनी से अधिक नुकसान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सुरक्षित विकल्प के रूप में नियमित सनस्क्रीन, हल्का मॉयश्चराइजर, विटामिन-सी या नियासिनामाइड युक्त प्रमाणित उत्पाद, एलोवेरा जैल तथा त्वचा विशेषज्ञ की सलाह अधिक उचित है। आयुर्वेदिक या हर्बल बेस्ड क्रीम का यूज करना भी सुरक्षित विकल्प है।

**हेयर डाई-हेयर स्प्रे-स्ट्रेटनिंग प्रोडक्ट्स:** बालों को रंगने, सीधा करने या लंबे समय तक सेट रखने वाले उत्पादों में मौजूद कुछ रसायन स्वास्थ्य के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। कुछ हेयर डाई में पैरा-फेनिलीनडायमीन यानी पीपीडी और अमोनिया हो सकते हैं, जिनसे सिर की त्वचा में खुजली, जलन, सूजन या एलर्जी हो सकती है। सुरक्षित विकल्प के रूप में अमोनिया-फ्री और पीपीडी-फ्री हेयर कलर, शुद्ध मेहंदी, नारियल तेल, आर्गन ऑयल, एलोवेरा हेयर मास्क और अलसी का तेल उपयोग किए जाते हैं।



**लिपस्टिक-नेल पॉलिश:** महिलाओं के द्वारा यूज किए जाने वाले मेकअप उत्पादों जैसे लिपस्टिक और नेल पॉलिश में प्रिजर्वेटिव, कृत्रिम रंग, सुगंध और अन्य रसायन हो सकते हैं। इसलिए लिपस्टिक, काजल, फाउंडेशन और अन्य मेकअप केवल विश्वसनीय ब्रांड वाले ही खरीदने चाहिए। एक्सपायरी डेट के बाद मेकअप का उपयोग नहीं करना चाहिए। नेल पॉलिश में नुकसानदायक तत्व हो सकते हैं। इनमें से कुछ रसायन त्वचा, आंखों और श्वसन तंत्र में जलन पैदा कर सकते हैं। नेल पॉलिश लगाते समय कमरे में हवा का अच्छा आवागमन होना चाहिए और पूरी सतर्कता के साथ इनका उपयोग किया जाना चाहिए।

**डिओडरेंट-परफ्यूम-बॉडी स्प्रे:** ये शरीर की दुर्गंध कम करने के लिए उपयोग किए जाते हैं, लेकिन इनमें कृत्रिम सुगंध, फ्थैलेट्स और कभी-कभी एल्यूमिनियम सॉल्ट्स जैसे घटक हो सकते हैं। कृत्रिम सुगंध कुछ लोगों में सिरदर्द, माइग्रेन, सांस की तकलीफ, त्वचा की खुजली या एलर्जी को बढ़ा सकती है। संवेदनशील त्वचा वाले लोग एल्यूमिनियम-फ्री या फ्रेगरेंस-फ्री डिओडरेंट इस्तेमाल कर सकते हैं। प्राकृतिक विकल्पों में कम सुगंध वाले मिनरल डिओडरेंट, फिटकरी का पानी, बेकिंग सोडा आधारित उत्पाद या केवल नियमित स्नान और साफ कपड़ों की आदत उपयोगी हो सकती है। नारियल तेल में एक-दो बूंद टी ट्री, लेवेंडर, रोज, जैस्मिन, सेंडल वुड, यूक्लिप्टस ऑयल मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सावधानियों से आप हमेशा सुरक्षित रहेंगे। *

**(दिल्ली के डर्मेटोलॉजिस्ट, डॉ. गौरव नाकरा और जनरल फिजीशियन, डॉ. जे. रावत से बातचीत पर आधारित)**

## ऐसे करें सुरक्षित सेल्फ-केयर



- आवश्यकता से अधिक कॉस्मेटिक या रासायनिक उत्पादों का उपयोग न करें।
- सेल्फ-केयर उत्पाद चुनते समय सबसे पहले उसमें मौजूद तत्वों की डिटेल पढ़ें।
- बहुत अधिक सुगंध, चमकीले रंग, इंस्टेंट व्हाइटनिंग, केमिकल-फ्री या शत-प्रतिशत नेचुरल जैसे दावों पर बिना जांचे भरोसा न करें।
- कम केमिकल सामग्री वाले, फ्रेगरेंस-फ्री, प्रमाणित और विश्वसनीय उत्पाद अधिक अच्छे विकल्प हो सकते हैं।
- नए उत्पाद का उपयोग करने से पहले पैच टेस्ट करके जरूर देखें यानी हाथ की स्किन पर हल्का-सा लगाकर देखें। अगर कोई समस्या न हो, तभी वो उत्पाद इस्तेमाल करें।
- एक्सपायरी डेट का ध्यान रखें। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जो ज्यादा नुकसानदायक हो सकते हैं।
- त्वचा में लगातार जलन, लालपन, खुजली या दाने हों। तो उपयोग बंद कर त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें।

---

हमारा शरीर मुख्य तौर पर हमारे मस्तिष्क यानी ब्रेन से ही संचालित होता है। इसलिए इसकी सुरक्षा, इसका बेहतर स्वास्थ्य और इसका अच्छे ढंग से कार्य करना बहुत जरूरी है। **वर्ल्ड ब्रेन डे (22 जुलाई)** के अवसर पर यहां बता रहे हैं कि हमारा ब्रेन कैसे हेल्दी और हमारी मेमोरी कैसे शार्प बन सकती है?

# तब ब्रेन रहेगा हेल्दी मेमोरी होगी शार्प



**एडवाइस**

**शिखर चंद जैन**

मात्र तीन पौंड वजन का हमारा मस्तिष्क आकार में भले ही बहुत बड़ा नहीं होता, लेकिन यह एक शक्तिशाली अंग है। शरीर के इस छोटे से हिस्से में ही हमारा व्यक्तित्व और सभी यादें समाहित होती हैं। मस्तिष्क ही विचारों, भावनाओं और गतिविधियों का समन्वय करता है। जीवन को सुचारू रूप से चलाने, सफलता व सुकून के लिए इसका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है।

**न्यूरॉन्स का रोल:** मस्तिष्क में अरबों तंत्रिका कोशिकाएं न्यूरॉन्स होती हैं। ये ही शरीर के बाकी हिस्सों को जानकारी भेजती हैं। यदि ये ठीक से काम नहीं करेंगी तो शरीर के अंग और मांसपेशियों में संवेदना कम हो सकती है। सोचने और कार्य करने की क्षमता धीमी हो सकती है।

**क्यों जरूरी है बचाव:** मस्तिष्क, क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए न्यूरॉन्स की जगह नए न्यूरॉन्स नहीं बना पाता है। सिर में चोट लगना, नशीली दवाओं का सेवन, अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी स्वास्थ्य समस्याएं मस्तिष्क कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं या उन्हें नष्ट कर सकती हैं। इसलिए ब्रेन की हिफाजत करना बेहद जरूरी है। साथ ही मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी आदतें विकसित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने होंगे।



**पसीना बहाएं:** जो लोग शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं, उनका दिमाग तेज रहने की संभावना अधिक होती है। नियमित शारीरिक गतिविधि संतुलन, लचीलापन, ताकत, ऊर्जा और मनोदशा में सुधार लाने में भी सहायक होती है। शोध से पता चलता है कि व्यायाम करने से अल्जाइमर रोग होने का खतरा कम हो सकता है।

**सिर की सुरक्षा जरूरी:** मस्तिष्क की चोट किसी व्यक्ति के जीवन पर दीर्घकालिक रूप से गहरा प्रभाव डाल सकती है। मस्तिष्क की चोटें सोचने-समझने की क्षमता, स्मृति, समन्वय, वाणी और भावनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। अपने मस्तिष्क की सुरक्षा के लिए, सिर में चोट लगने के जोखिम वाली किसी भी गतिविधि को करते समय हमेशा हेलमेट पहनें। जैसे-साइकिल चलाना, स्कीइंग करना, घुड़सवारी करना या मोटरसाइकिल, स्नोमोबाइल या ऑल-टेरेन वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट जरूर पहनें। सिर में चोट लगने के अन्य सामान्य कारणों में कार दुर्घटनाएं भी शामिल हैं। कार में सीट बेल्ट पहनकर सिर पर चोट लगने से बच सकते हैं। गिरने से बचने के लिए, सीढ़ियों पर, ऊबड़-खाबड़ जमीन पर या किसी अपरिचित जगह पर सावधानी से चलें। घर में सीढ़ियों और गलियारों से फालतू सामान हटाकर गिरने से बचाव करें। सीढ़ियों में पर्याप्त रोशनी रखें। सुनिश्चित करें कि सभी कालीन और गलीचे फर्श पर मजबूती से बिछे हों ताकि आप फिसलें नहीं।

**पर्याप्त सावधानी बरतें:** कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हमारी सोचने और याददाश्त संबंधी परेशानियों को बढ़ा सकती हैं। इनसे स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ सकता है, जिससे मस्तिष्क की रक्त वाहिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इनमें से सबसे आम समस्याएं मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप हैं। यदि आपको इनमें से कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो अपने डॉक्टर के निर्देशों का पालन करें।

**सामाजिक दायरा बढ़ाएं:** सामाजिक मेलजोल अवसाद और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। ये दोनों मानसिक रोग याददाश्त कमजोर होने की समस्या को बढ़ा सकते हैं। सामाजिक अलगाव और अकेलापन सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट और अल्जाइमर रोग के जोखिम से भी जुड़े हुए हैं। इसलिए अपना सामाजिक दायरा बढ़ाएं, लोगों से मेलजोल रखें।

**अच्छी नींद लें:** रोज अच्छी नींद लेना, ठीक वैसे ही है जैसे फोन को चार्ज करने के लिए प्लग लगाना। अच्छी नींद लेने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता और याददाश्त बेहतर होती है, सतर्कता बढ़ती है और दैनिक कार्यों को करना आसान हो जाता है। आराम करने से तनाव और अवसाद भी कम होता है।

**ब्रेन फूड लें:** स्वस्थ खाद्य पदार्थों से भरपूर आहार मस्तिष्क को ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे मानसिक एकाग्रता में सुधार होता है और सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट धीमी होती है। माइंड डाइट यानी मेडिटेरेनियन डैश इंटरवेंशन फॉर न्यूरो डिजेनरेटिव डिले एक विशेष खान-पान प्लान है, जो दिमाग की सेहत को सुधारने, याददाश्त तेज करने और अल्जाइमर या डिमेंशिया (मनोभ्रंश) के जोखिम को कम करने के लिए डिजाइन की गई है। यह 'मेडिटेरेनियन' और 'डैश' डाइट का मिश्रण है, जो मुख्य रूप से हरी पत्तेदार सब्जियों, बेरीज, नट्स और साबुत अनाज को अपने डाइट में शामिल करने पर जोर देती है। *

**(अपोलो हॉस्पिटल, कोलकाता के न्यूरोसर्जन डॉ. बिनोद कुमार सिंघानिया से बातचीत पर आधारित)**

## ब्रेन एक्सरसाइज करें

**जिस प्रकार** शारीरिक गतिविधि आपके शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखती है, उसी प्रकार दिमाग को सक्रिय रखने वाली गतिविधियां आपके मस्तिष्क को भी चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। ये गतिविधियां मस्तिष्क की कार्यक्षमता और स्मृति को बेहतर बनाने में सहायक हो सकती हैं। इसके लिए क्रॉसवर्ड पहेलियां हल करें, अलग-अलग विषय पढ़ें, खेल खेलें या कोई वाद्य यंत्र बजाना सीखें। साथ ही कोई नया शौक अपनाएं या किसी स्थानीय विद्यालय या सामुदायिक समूह में स्वयंसेवा करें।





# सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को मिलेगा सीपीआरएमएस ई-कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कंपनियों से सेवानिवृत्त होने वाले हजारों कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। इसके तहत एसईसीएल सहित कोल इंडिया की सभी सहायक कंपनियों के सेवानिवृत्त कर्मियों को जल्द ही पीवीसी सीपीआरएमएस-ई कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। इस निर्णय के संबंध में कोल इंडिया मुख्यालय ने सभी अनुषंगी कंपनियों के प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

अलग खबर

दरअसल लंबे समय से कार्ड न मिलने के कारण आ रही तकनीकी दिक्कतों को देखते हुए, प्रबंधन ने इसे प्राथमिकता के आधार पर लागू करने का संकल्प लिया है, जिसे सेवानिवृत्त कर्मियों के कल्याण की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हाल ही में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रतिनिधियों और कोल इंडिया प्रबंधन के बीच एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में प्रतिनिधियों ने पीवीसी सीपीआरएमएस-ई कार्ड उपलब्ध न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था, जिससे इलाज और अन्य पहचान संबंधी कार्यों में बाधा आ रही थी। प्रबंधन ने इन समस्याओं पर विचार-विमर्श करने के बाद यह निर्णय लिया कि अब सभी पात्र सेवानिवृत्त कर्मियों को एक समान प्रारूप (यूनिफॉर्म फॉर्मेट) में डिजिटल कार्ड जारी किया जाएगा, ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता और सुगमता बनी रहे।

## इलाज के दौरान मिलेगी सुविधा

Coal India Limited
CPRMS-NE Scheme

### स्वास्थ्य सुविधाओं में मिलेगी बड़ी सहूलियत

इस स्मार्ट कार्ड के मिल जाने से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सूचीबद्ध अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य अनुषंगी सुविधाओं का लाभ लेने में काफी आसानी होगी। वर्तमान में भौतिक कार्ड के अभाव में कई बुजुर्ग कर्मियों को अपनी पहचान साबित करने और कैशलेस सुविधाओं का लाभ उठाने में जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा था। कोल इंडिया ने अपने सभी सहायक कंपनियों (एसईसीएल, एमसीएल, एनसीएल, डब्ल्यूसीएल, सीएमपीडीआईएल और एनईसी असम) के मानव संसाधन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस प्रक्रिया को बिना किसी देरी के क्रियान्वित किया जाए।

## खबर संक्षेप



### पोड़ी पहुंचे संचालक डॉ. सिंगरौल किया औचक निरीक्षण

**कोरबा।** सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई के संचालक डॉ. जीतेंद्र कुमार सिंगरौल ने पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव में चल रहे सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) कार्यों का औचक निरीक्षण किया और जमीनी हकीकत परखी। जानकारी के अनुसार संचालक डॉ. सिंगरौल ने गांव में मनरेगा सहित अन्य विकास कार्यों की बारीकी से जांच की। उन्होंने केवल दस्तावेजों तक सीमित न रहकर सीधे कार्यस्थल पर जाकर धरातल पर कार्यों की समीक्षा की। इस औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सामाजिक अंकेक्षण की इस प्रक्रिया में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई की टीम के साथ-साथ ब्लॉक समन्वयक कुलेश्वर पटेल,ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक, मनरेगा मेट और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### जनदर्शन में दिव्यांग हितग्राही की समस्या का त्वरित समाधान

**कोरबा।** कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए जिला प्रशासन ने एक दिव्यांग हितग्राही को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर संवेदनशील प्रशासन का परिचय दिया है। दिव्यांग हितग्राही राहुल यादव, पिता स्वर्गीय मोहन राम यादव, निवासी वार्ड क्रमांक 1, तहसील एवं थाना कटघोरा, जिला कोरबा ने कलेक्टर जनदर्शन में बैशाखी, वॉकर एवं छड़ी उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरबा प्रतीक जैन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए समाज कल्याण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। निर्देश प्राप्त होते ही समाज कल्याण विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हितग्राही राहुल यादव को बैशाखी, वॉकर एवं छड़ी उपलब्ध करा दी गई। आवश्यक सहायक उपकरण प्राप्त होने पर राहुल यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि इन उपकरणों से उनके दैनिक जीवन में आवागमन सुगम होगा और उन्हें काफी सुविधा मिलेगी। जिला प्रशासन ने कहा है कि जनदर्शन का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करना है, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर शासन की सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### स्वच्छता कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर किया गया सम्मानित

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपका में मंगलवार को शासन के निर्देशानुसार नमस्ते योजना के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत योजना के लाइव प्रसारण से हुई, जिसे प्रोजेक्टर के माध्यम से नगर पालिका परिसर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों को दिखाया गया। लाइव प्रसारण के बाद नगर की स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान देने वाले स्वच्छता कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं उनकी कार्यस्थल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पीपीई (पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट) किट का भी वितरण किया गया। स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के माध्यम से उनका निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

## केन्द्र सरकार ने हाथी प्रभावित जिलों के लिए जारी की नई गाइड लाइन

# हाथी से चौपट होने वाली फसल में भी किसानों को मिलेगा बीमा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते कुछ वर्षों से जिले में हाथी के कारण फसल नुकसान को लेकर लगातार किसानों के द्वारा बीमा दिए जाने की मांग की जा रही थी। वन विभाग के द्वारा दी जाने वाली राहत राशि को किसानों के द्वारा कम बताए जाने को लेकर इसे भी फसल बीमा में लाने की मांग की गई थी। इसे देखते हुए केन्द्र सरकार ने हाथी प्रभावित जिलों के लिए नई गाइड लाइन जारी की है। जिसमें कोरबा जिला भी शामिल है।

जिले के दोनों वन मंडल कोरबा व कटघोरा हाथी प्रभावित हो चुके हैं और धान की फसल को नुकसान हाथियों के लगातार विचरण के कारण हो रहा है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में धान की फसल लेने वाले प्रभावित किसानों की संख्या सर्वाधिक है। जिनकी फसल चौपट होने पर उन्हें केवल वन विभाग से ही राहत राशि मिला करती थी। इसके अलावा किसानों को हाथी से चौपट फसल की भरपाई के लिए कोई और रास्ता नहीं था। वन विभाग के द्वारा नुकसान का आंकलन कर जो राशि दी जाती थी वह पर्याप्त न होने के कारण किसानों को लागत भी नहीं मिल पाती थी। इसके लिए जिला पंचायत की समान्य सभा से लेकर जिले के दौरे पर आने वाले मंत्रियों को भी इस संबंध में ज्ञापन सौंप कर मुआवजा राशि बढ़ाने या फिर फसल बीमा के दायरे में लाने की मांग की गई थी। 12 जुलाई से जिले में लागू हुई फसल बीमा योजना में हाथी से चौपट होने वाली फसल का बीमा की गाइड लाइन लागू होने के बाद ऐसे किसानों को राहत मिली है। जो हाथियों के द्वारा चौपट की जाने वाली फसल का नुकसान लंबे समय से झेलते आ रहे थे।

### खास बात

- फसल नुकसान के 72 घंटे के अंदर किसान को देनी होगी सूचना



फाइल फोटो

### फसल की रखवाली करते गंवा चुके हैं जान

हाथी प्रभावित गांवों की सबसे बड़ी दुखद दास्तान किसानों की फसल की रखवाली करते हुए जान चले जाना भी है। प्रत्येक वर्ष फसल सीजन के दौरान किसान रखवाली करते हुए हाथी के चपेट में आकर जान गंवा चुके हैं। उसका भी मुआवजा केवल वन विभाग के द्वारा ही दिया जाता है। ऐसे किसानों के परिवारों को भी फसल बीमा की इस नई गाइड लाइन से एक बड़ी राहत मिलने जा रही है।

### यह है प्रावधान

हाथी प्रभावित गांव में फसल चौपट होने पर कृषि एवं राजस्व विभाग का संयुक्त दल नुकसान का आंकलन करेगा। वहीं किसानों को फसल से चौपट होने या नुकसान होने की सूचना विभाग को 72 घंटे के अंदर देना होगा। या अपने मोबाइल में फसल बीमा के एप को लोडकर उसमें दर्ज कराना होगा। नुकसान की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दोनों विभागों की टीम के द्वारा उक्त गांव के औसत फसल उत्पादन के आधार पर नुकसान का आंकलन किया जाएगा। इसका सबसे बड़ा लाभ यह रहेगा कि एमएसपी के दर पर बीमा क्लेम की राशि तय होगी और यह राशि किसानों के सीधे बैंक खाते में जाएगी।

### गाइड लाइन में शामिल किया गया

हाथी प्रभावित ग्रामों में हाथियों से चौपट होने वाली धान की फसल का भी बीमा किया जाएगा। इसका भी क्लेम किसानों को मिलेगा। वर्तमान में केन्द्र सरकार के द्वारा जारी की गई गाइड लाइन में हाथियों से चौपट होने वाली फसल के मामले में किसानों को बीमा का लाभ दिया जाएगा।

**-डीपीएस कंवर,** उप संचालक कृषि

# बारिश में बही रजगामार केराकछार सड़क व पुल अब तक नहीं बने



हरिभूमि न्यूज ⏭ रजगामार

बीते वर्ष की बारिश में ग्राम पंचायत रजगामार से ग्राम केराकछार के बीच बनी पुल और सड़क के बह जाने से पांच से दस गांव की एक बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है। कोरकोमा धान खरीदी केन्द्र आने वाले किसानों के लिए यह मुख्य सड़क हुआ करती थी। जिसके मरम्मत कार्य एक वर्ष बाद भी ग्राम पंचायत एजेंसी के द्वारा नहीं किया गया है। ग्रामीणों को 5 से 10 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है।

केराकछार मार्ग पर टूटे पुल से रजगामार पुरानी बस्ती, टेवानारा, पतरापाली, ठाकुरखेता सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के लोग इस पुल से केरवा, कोरकोमा, भैंसमा सहित रामपुर, करतला आवागमन करते हैं। इस पुल से दोपहिया, चार पहिया और ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों से आवागमन करते थे, लेकिन बारिश की वजह से और मिट्टी के कटाव से पुल ढह गया। हालांकि ग्रामवासियों द्वारा लकड़ी से वैकल्पिक पुल तैयार किया गया। जिसमें दो पहिया वाहन और पैदल आवागमन कर पुल पार करते हैं लेकिन वह वैकल्पिक पुल भी आवागमन करने योग्य नहीं है। इस मार्ग से आवाजाही करने से जरा सी चूक हुई तो बड़ी दुघर्टना घट सकती है। क्षतिग्रस्त पुल से प्रभावित आसपास के ग्रामवासी कहते हैं कि बरसात होते ही प्रशासन को क्षतिग्रस्त पुल का नवनिर्माण करना चाहिए क्योंकि कोरकोमा में कृषि उपज मंडी है। किसानों को धान बिक्री के लिए कोरकोमा जाना पड़ता है। इस कारण जल्द से जल्द इसका निर्माण आवश्यक है। यह मार्ग किसानों के लिए सुगम और नजदीक पड़ता है। वर्तमान में पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण किसानों को ट्रैक्टर में खाद लेने जाना पड़ रहा है। इसके लिए उन्हें घूमकर जाना पड़ रहा है। जिससे किसानों को अतिरिक्त 5 से 10 किमी की दूरी तय करने के साथ समय ज्यादा लग रहा है।

## गांजा की तलाशी करने पहुंची थी पुलिस, जांच में मिला फर्जी

**कोरबा।** पाली क्षेत्र में निवासरत एक महिला के घर गांजा की सूचना बताते हुए दो युवक अपने आप को पुलिस बताते हुए घर में घुस गए थे और घर की सघन तलाशी ली थी जब इस मामले की भनक पुलिस को लगी तो मामले की जांच कराई गई तो पता चला कि तलाशी लेने वाले लोग पुलिस नहीं बल्कि आम लोग थे और अपने आप को पुलिस बातकर घर की तलाश ली थी। महिला की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। मामला पाली थाना क्षेत्र का है यहां हाई स्कूल के सामने निवासरत ललिता नेताम ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 11 जुलाई की दोपहर लगभग 3 बजे ललिता की मां बिरस बाई बिस्तर पर लेटी तथा, ललिता एवं उसकी दीदी राधा नेताम, छोटी बहन रीना के साथ अपने के घर अंदर में खाना खा रहे थे। उसी समय दो युवक पहुंचे और अपने आप को पुलिस बताने लगे और उन्हें जानकारी दी गई कि उन्हें सूचना मिली है कि ललिता के घर में गांजे की खेप रखी हुई है। उन युवकों ने घर के आलमारी सहित पूरे घर की तलाशी ली और उन लोगों के जाने के बाद जब अपने आलमारी को देखे तो उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात गायब मिले मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 305, 331(1)बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 60 वाहन चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, यातायात नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना तथा आम नागरिकों में सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। अभियान के दौरान जिले के प्रमुख चौक-चौराहों, राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष चेकिंग पॉइंट स्थापित किए गए। पुलिस टीमों द्वारा वाहनों के दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, नंबर प्लेट, मॉडिफाइड वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों की गहन जांच की गई। साथ ही ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच भी की गई। विशेष अभियान के दौरान 60 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त 5 नाबालिग वाहन चालकों के परिजनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए 8 मॉडिफाई वाहनों तथा नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े 27 वाहनों पर भी चालानी कार्रवाई की गई। सभी प्रकरणों में नियमानुसार अग्रिम वैधानिक एवं न्यायालयीन प्रक्रिया की जा रही है।



### 18 व 19 जुलाई को रद्द रहेंगी पैसेंजर व मेमू लोकल

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के भाटापारा-हथबंध स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन सेक्शन ऑटो सिग्नलिंग कमीशनिंग हेतु एनआई का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। प्रभावित होने वाली गाड़ियों में 19 जुलाई को गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर, 19 जुलाई को गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 18 एवं 19 जुलाई को गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, 18 एवं 19 जुलाई को गाडी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 18 एवं 19 जुलाई को गाडी संख्या 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द, 18 जुलाई को गाडी संख्या 68746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर एवं 19 जुलाई को गाडी संख्या 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

समक्ष -श्रीमान् नोटरी महोदय जांजगीर,
जिला : जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
शपथ पत्र
(नाबालिग पुत्र / नाती के नाम परिवर्तन के मामले में)
मैं मोहित राम कर्ष उम्र 68 वर्ष पिता स्व. पुटेश्वर कर्ष निवासी वार्ड नं. 08 केशरवानी मोहल्ला नवागढ़ थाना व तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) का निवासी हूं, जो कि शपथ पूर्वक कथन करता हूंः-
01. यह कि मै उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
02. यह कि मैं अपने नाबालिग नाती यज्ञ कर्ष से बदलकर युग कुमार कर्ष करवाना चाहता हूं। मेरे नाती के समस्त अंकसूची में नाम युग कुमार कर्ष दर्ज है।
03. यह कि मैं अपने नाती का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
04. यह कि मेरे बहू रामकुमारी कर्ष पति स्व. राधेश्याम कर्ष को नाबालिग नाती/पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
05. यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं। तथा समक्ष अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं। उपरोक्त कथनो के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
मोहितराम
शपथकर्ता
सत्यापन
मैं मोहित राम कर्ष (शपथकर्ता) यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से लेकर 05 तक में तथ्य मेरे निजी जानकारी से सही एवं सत्य है, अतः आज दिनांक को स्थान जांजगीर में लिखाकर, पढ़कर, समझकर, अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
दिनांक - 14/07/2026
स्थान -जांजगीर
मोहितराम
सत्यापनकर्ता

नाम परिवर्तन सूचना
मैं नरेन्द्र कुमार गोंड (NARENDRA KUMAR GOND) पिता नेतराम गोंड (NETRAM GOND) निवासी शंकर नगर चांपा थाना व तहसील चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) निम्नलिखित सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरा नाम नरेन्द्र कुमार गोंड (NARENDRA KUMAR GOND) पिता नेतराम गोंड (NETRAM GOND) निवासी शंकर नगर चांपा थाना व तहसील चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) हैं, जबकि मेरा आधार कार्ड में जिसका आधार क्रमांक 5886 3853 7766 में नाम त्रुटिवश नरेन्द्र कुमार मरकाम (NARENDRA KUMAR MARKAM) पिता नेतराम गोंड (NETRAM GOND) दर्ज है, जिसके कारण मुझे आगे की शिक्षा, नौकरी एवं शासकीय कार्यों में परेशानी हो रहा है। परंतु मेरा शैक्षणिक दस्तावेज कक्षा 8वी., एवं अन्य दस्तावेजों में नाम नरेन्द्र कुमार गोंड (NARENDRA KUMAR GOND) पिता नेतराम गोंड (NETRAM GOND) अंकित हैं, जो कि सत्य एवं सही हैं।
अतः मैं सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि आज से मेरा पूर्व नाम नरेन्द्र कुमार मरकाम (NARENDRA KUMAR MARKAM) पिता नेतराम गोंड (NETRAM GOND) की जगह नाम नरेन्द्र कुमार गोंड (NARENDRA KUMAR GOND) पिता नेतराम गोंड (NETRAM GOND) के नाम से जाना, पहचाना, पढ़ा एवं लिखा जावेगा।
सो सूचना जाने।
भवदीय
नरेन्द्र कुमार गोंड पिता नेतराम गोंड
निवासी शंकर नगर चांपा थाना व तहसील चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
मो.नं.-8085590524,

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN
ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
Founder & Director
DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience
9098888246 | 9098888644

ADMISSIONS OPEN
Balvatika
PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP NURSERY JUNIOR KG SENIOR KG CLASS 1st to CLASS 8th
Founder & Director
DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience
9098888246 | 9098888644

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### बिर्रा क्षेत्र में जिओ नेटवर्क की समस्या से मोबाइल उपभोक्ता खासे परेशान

**बिर्रा।** क्षेत्र में जिओ की सीम नेटवर्क की समस्या से मोबाइल उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई महीना से जिओ का नेटवर्क बिर्रा में और बिर्रा अंचल के तीन दर्जन गांवों में जिओ सीम नेटवर्क का कवरेज खराब हो जाने के कारण नेटवर्क का रेंज कम हो गया है। जिसके कारण मोबाइल उपभोक्ताओं को खराब नेटवर्क के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत बिर्रा और आसपास के तीन दर्जन गांवों में पिछले लगभग कई महीना से जिओ का नेटवर्क में खराबी आ जाने के कारण जिओ के मोबाइल उपभोक्ताओं को मोबाइल चलाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई महीना से जिओ का नेटवर्क बिर्रा के के अलावा क्षेत्र के कई गांवों में जिओ सीम नेटवर्क का कवरेज को जिओ नेटवर्क के अधिकारी कर्मचारी रेंज को कम कर दिए हैं। जिसके कारण जिओ का सिम चलाने वाले मोबाइल उपभोक्ताओं को खराब नेटवर्क के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### श्रावण मास में 4 से 10 तक भव्य श्री शिव महापुराण कथा, तैयारियां शुरू

**शिवरीनारायण।** धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी तथा गुप्त तीर्थ शिवरीनारायण में श्रावण मास के पावन अवसर पर 4 से 10 अगस्त तक महानदी के पवित्र त्रिवेणी संगम तट स्थित मेला ग्राउंड में भव्य श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का शुभारंभ प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से होगा। कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. युवराज पांडे करेंगे। कथा पंडाल वाटर प्रूफ डोम पंडाल में श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को अंतिम रूप देने का कार्य लगातार जारी है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की विशेष व्यवस्था भी की जाएगी। यह जानकारी सोमेश नितेश केशरवानी ने दी। गणपत लाल केशरवानी एवं परिवार, शिवरीनारायण द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में क्षेत्र सहित आसपास के नगरों एवं गांवों के श्रद्धालुओं से कथा श्रवण की अपील की है।

### क्लस्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप में हसदेव पब्लिक स्कूल के चार विद्यार्थियों का चयन

**चांपा।** हसदेव पब्लिक स्कूल के चार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सीबीएसई क्लस्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 के लिए चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 16 जुलाई से 19 जुलाई तक भिलाई में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थियों में आयुष सोनी, विवेक सोनी, सार्थक सिंह एवं विवेक साहू (कक्षा 12वीं) शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी विद्यालय के कोच एवं खेल प्रशिक्षक सेंसाई मोहम्मद सलीम बख्शी के कुशल मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भिलाई रवाना हो रहे हैं। विद्यालय परिवार को विश्वास है कि ये खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय, क्षेत्र एवं जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे। विद्यालय प्रबंधन समिति, प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, उपप्राचार्य श्रीमती कमल अंबवानी, मैनेजर जवाहरलाल यादव सहित समस्त अध्यापक-अध्यापिकाएं एवं विद्यार्थियों ने चयनित खिलाड़ियों के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल सड़क सुरक्षा विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**तुस्मा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत शिवरीनारायण पुलिस द्वारा ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल, शिवरीनारायण में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए साइबर क्राइम, नवीन आपराधिक कानून तथा सड़क सुरक्षा विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी एवं बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा डिजिटल सुरक्षा के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के संबंध में भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही भारत में लागू नवीन आपराधिक कानूनो भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, उनके उद्देश्य तथा आम नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी सरल भाषा में दी गई।छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, नाबालिग अवस्था में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा सड़क पार करते समय आवश्यक सावधानियां बरतने के संबंध में जागरूक किया गया।

### अधिवक्ता संघ मालखरौदा का संगटनात्मक चुनाव 18 को




मालखरौदा। अधिवक्ता संघ मालखरौदा का संघटनात्मक चुनाव 18 जुलाई को संपन्न होगा। जिसमें पंजीकृत अधिवक्तागण इस चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इसमें अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव होना है। चुनाव 11 से 5 तक होगा। इसमें इसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता मनहरण लाल चंद्रा को नियुक्त किया गया है।

## कलेक्टर ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# एग्रीस्टेक पंजीयन, फॉर्मर रजिस्ट्री, सीमांकन सहित सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का त्वरित करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न राजस्व प्रकरणों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि आम नागरिकों एवं किसानों से जुड़े सभी राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

गौरतलब है कि बुधवार 15 जुलाई को कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीमा पंजीयन की दैनिक समीक्षा की जाए तथा जिन क्षेत्रों में पंजीयन की गति धीमी है, वहां विशेष अभियान चलाकर किसानों को जागरूक किया जाए। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराकर शासन की इस महत्वपूर्ण किसान हितैषी योजना का लाभ उठाएं। बैठक में कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पंजीयन, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, फॉर्मर रजिस्ट्री, नक्शा बटांकन, भू-बंटन, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, खाता विभाजन, अविवादित नामांतरण, त्रुटि सुधार, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4, भू-अर्जन एवं राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण अभियान चलाकर एवं कैम्प कोर्ट लगाकर निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों के खसरे अभी तक पोर्टल पर दर्ज नहीं हुए हैं, उन्हें जोड़ा जाए तथा समितियों में किसानों का खसरा सत्यापन कराया जाए एवं छुटे खसरे जोड़े जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान योजना से वंचित न रहे। कलेक्टर ने धान विक्रय करने वाले सभी किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में फॉर्मर रजिस्ट्री के जो अनक्लेम्ड बकेट लंबित हैं उन्हे विशेष अभियान चलाकर सभी लंबित बकेट्स का क्लेम कराने तथा प्रत्येक पात्र किसान की फॉर्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके लिए समिति स्तर पर पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं समिति ऑपरेटर के समन्वित प्रयास सुनिश्चित करने, लंबित किसानों की सूची प्रत्येक समिति में उपलब्ध कराने तथा घर-घर संपर्क कर पंजीयन पूरा कराने को कहा। उन्होंने लंबित सत्यापन एवं अनुमोदन के प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रगति की सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तम्बोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


# रथयात्रा आज : नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हर साल आसाढ़ मास के दुतिया तिथि को रथयात्रा निकाली जाती है। भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के यहां जाते है। रथ यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

पदम पुराण के अनुसार एक बार भगवान के बहन सुभद्रा को नगर देखने की इच्छा हुई तब भगवान बलराम बहन सभद्रा को रथ में बैठाकर नगर दिखाने निकल पड़े। इस दौरान वे अपने मौसी के धर सात दिन ठहरे। तभी से यह रथयात्रा निकालने की परंपरा प्रारंभ हुई। जांजगीर नगर में भी गुरूवार 16 जुलाई को रथयात्रा निकाली जाएगी। नगर के सभी भक्त जन अपने निवास स्थान के सामने फुलवर्षा कर दीपजला जयकारा करते हुऐ भगवान जगन्नाथ का स्वागत कर दर्शन कर सात पग रथ के साथ अवस्य चलें। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में जगन्नाथ रथयात्रा के पावन अवसर पर भक्तों के द्वारा भजन कीर्तन किया जावेगा। जिला मुख्यालय जांजगीर के अलावा पामगढ़, अकलतरा, बलौदा, शिवरीनारायण, बम्हनीडीह, नवागढ़, राहौद, खरौद, सारागांव सहित चांपा शहर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा तैयारी पूरी कर ली गई है।

### बिर्रा में निकलेगी रथयात्रा, तैयारियां पूरी



बिर्रा। आषाढ शुक्ल पक्ष द्वितीया को भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा गुरूवार 16 जुलाई को बडे ही धूमधाम से निकाली जाएगी। इसके लिये नवयुवक रथयात्रा समीति कहार मुहल्ला रथ की तैयारी में जुटे हुए है। भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र की भव्य प्रतिमा जगन्नाथ मंदिर से राजमहल बिर्रा के राजकुमारों की उपस्थिति में कीर्तन भजन कर कहार महुल्ले में आकर्षक रथ पर विराजित कर निकाला जाएगा। श्रद्धालु पूजा अर्चना कर किर्तन भजन करते हुए रथ के रस्सी को खींचते ग्राम के महाबीर मंडली चौक, साहूमुहल्ला, घानासागर, राजमहल चौक (दीवान मुहल्ला), ठाकूरदेव मुहल्ला, दाऊमुहल्ला, मुख्य मार्ग, बस स्टैंड, भाठापारा, कंकालीन मंदिर, चंडीमंदिर, लीलामंडली होते हुए पुनकहार मुहल्ले से मंदिर पहुंचेगी। रथयात्रा पर्व पर बहन-बेटियों का आगमन होता है। गुरूवार को भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र की भव्य प्रतिमा जगन्नाथ मंदिर से राजमहल बिर्रा के राजकुमारों की उपस्थिति में कीर्तन भजन कर कहार महुल्ले में आकर्षक रथ पर विराजित कर निकाली जाएगी।

### आज निकलेगी जगनाथ, बलभद्र और सुभद्रा की झांकी

तुस्मा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की द्वितिया को भगवान जगनाथ,सुभद्रा और बलभद्र को रथ में बैठाकर गांव की गलियों में गुरूवार 16 जुलाई को भ्रमण कराया जाएगा। भक्त भगवान जगनाथ स्वामी की दर्शन पाने के लिए घरों के द्वार पर थाली में द्वीप सजाकर भगवान की इंतजार करते है। भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की रथयात्रा ग्राम के गायत्री मंदिर में पूजा अर्चना करने के पस्चात भगवान को रथ में बैठा करके गांव की भ्रमण कराते है। लोग भगवान की दर्शन पाने के लिए बड़ी संख्या में जुटते है और भगवान जगन्नाथ स्वामी के सामने मत्थे और हाथ जोड़कर सुख समृद्धि के साथ साथ उज्जवल भविष्य की कामना करते है। भगवान जगन्नाथ स्वामी जी कीरथ यात्रा गायत्री मंदिर ज्योदगीर मोहल्ला से निकाली जाती है उसके पश्चात नीम कुआ चौक,कपूरताल मोहल्ला, गुड़ी चौंक,महामाया चौंक,बाड़ा पारा,बाजार चौंक सड़क पारा,टिकरी पारा, आमा पारा इन सभी मोहल्ला की भ्रमण कराते है। लोग रथ को पीछे से धक्का देकर पुण्य की भागीदारी बनते है।

# एसबीआई के एटीएम कक्ष से एसी मशीन एवं लाइट खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा




बिर्रा में संचालित एटीएम मशीन

भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम मशीन कक्ष में एसी मशीन ठंडकता प्रदान करने वाला और प्रकाश फैलाने वाला लाइट दोनों खराब हो गया है। जिसके कारण भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम धारी उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़ा ग्राम पंचायत बिर्रा में केरा - शिवरीनारायण रोड में श्याम किराना स्टोर के सामने में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम मशीन कक्ष में एसी मशीन जो ग्राहकों को ठंडकता प्रदान करता है। पिछले कई महीनो से खराब पड़ा हुआ है। जिसके कारण एटीएम धारी उपभोक्ताओं को एटीएम कक्ष के अंदर में गर्मी लगने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही एटीएम कक्ष में उजाला फैलाने वाला लाइट भी खराब पड़ा हुआ है। जिम्मेदार भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी के लापरवाही के कारण एसी मशीन और लाइट खराब हो गया है। कई माह गुजर जाने के बाद भी आज तक सुधारा नहीं गया है। इसकी जानकारी बैंक प्रबंधन को दी गई है। जिसके कारण एटीएम भारी उपभोक्ताओं को बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने संगठन की मजबूती के लिए आयोजित की मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा द्वारा कांग्रेस संगठन की मजबूती और जनहित से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करने हेतु एक महत्वपूर्ण मासिक बैठक का आयोजन ब्लॉक कार्यालय में किया गया। इस बैठक में क्षेत्र की जनता को हो रही परेशानियों और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर गहन मंथन किया गया।

बैठक में किसानों को खेती-किसानी में आ रही विभिन्न परेशानियों और उनके निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। बिजली बिल में की गई बेतहाशा वृद्धि और अघोषित बिजली कटौती के कारण शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को हो रही भारी असुविधा पर चिंता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साधवानी द्वारा किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव आमजन के साथ खड़ी है और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ निरंतर संघर्ष करेगी।पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने भी बैठक को संबोधित करते हुए अपने विचार रखे। आज के मासिक बैठक में उपस्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा के सभी पदाधिकारियों एवं चांपा के 42 बूथ अध्यक्षों को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साधवानी एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन द्वारा प्रमाण पत्र एवं आई.डी. कार्ड देकर सम्मान किया गया। अंत में अपनी बातें रखते हुए आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस प्रवक्ता नागेन्द्र गुप्ता ने किया।

# ज्ञानदीप में दिया गया ग्राफ्टिंग कलम बांधना का प्रशिक्षण



छात्र छात्राओं को ग्राफ्टिंग कलम बांधना का दिया गया प्रशिक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए उद्यानिकी विषय के अंतर्गत ग्राफ्टिंग कलम बांधना का व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

ज्ञानदीप उमावि में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पौधों के वैज्ञानिक प्रवर्धन की तकनीक से परिचित कराना तथा उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था प्रशिक्षण के दौरान देव कश्यप विषय शिक्षक एवं उनके सहयोगी अतुल कश्यप ने विद्यार्थियों को ग्राफ्टिंग की विधि का चरण बढ़ता प्रदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के ग्राफ्टिंग तकनीक को आवश्यक सावधानियां तथा फलदार वृक्ष एवं सजावटी पौधे में इसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्व प्रशिक्षण में भाग लिया और स्वयं ग्राफ्टिंग काअभ्यास किया। विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश कटकवार प्रशिक्षण में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण को विद्यार्थी के कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया तथा भविष्य में भी ऐसे व्यावहारिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### डभरा में नव प्रवेशित छात्रों के लिए लगाया गया छात्र सहायता केंद्र

**डभरा।** डभरा शासकीय महाविद्यालय डभरा में प्रवेश सत्र के लिए नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं की सहायता के लिए जनपद पंचायत डभरा के सदस्य खुशवंत सिंह चंद्रा के निर्देश पर छात्रसंघ द्वारा हेल्प डेस्क की शुरूवात की गई। विदित हो कि शासकीय महाविद्यालय डभरा में विगत 11 वर्षों से छात्र सहायता केंद्र लगाया जाता है। जिसमें छात्र-छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न प्रकार की सहायता डेस्क पर क्रमानुसार उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के द्वारा दी जाती है। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। इस अवसर पर राजेश यादव, भागीरथी पटेल, नंदकुमार चंद्रा, चंद्रकांत चौहान,नूतन पटेल, विनय सिदार, गोविंद मैत्री,अजय चंद्रा, गिरधर चंद्रा तिलेश्वर पटेल,धर्मेश अजगल्ले,करण भारद्वाज, हुपेश पटेल, मनोज माली, प्रकाश महंत रितेश, मुकेश कुर्रे एवं अन्य उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैम्प मेंस्कूल के कैडेट्स ने जीते अनेक पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



उपस्थित कैडेट्स

एन सी सी का एटीसी कैंप 130 वी शूटिंग सलेक्शन कैंप 7 सीजी बटालियन द्वारा डॉ सी सी रमन यूनिवर्सिटी कोटा बिलासपुर में लेवल वन का 3 जुलाई से 12 जुलाई तक कैंप आयोजित किया गया। जिसमे बेस्ट कैडेट का सलेक्शन लेवल 2 कैम्प जो ग्वालियर में 13 जुलाई से 23 जुलाई तक आयोजित होना है के लिए किया गया।

अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के 17 जे डब्ल्यू 37 जे डी कैडेट्स ने भाग लिया कैम्प में शूटिंग सलेक्शन में शाला की प्रिया साहू का लेवल 2 ग्वालियर के लिए चयन हुआ एवं वे 12 जुलाई बिलासपुर के ग्रुप के साथ ग्वालियर के लिए रवाना हो गई। इस कैंप के दौरान 7 स्कूल जेडी जेडब्ल्यू के कैडेट ने भाग लिया। कैम्प के दौरान कुल करीब 600 कैडेट्स ने भाग लिया कैंप में विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हुई जिसमें वॉलीबॉल में जेडी में शाला के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया खो खो में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया सांस्कृतिक कार्यक्रम में समूह नृत्य में भी शाला के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया सभी कैडेट्स से फायरिंग कराईं गई जिसमें जेडी से हितेश यादव को बेस्ट फायरर का गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। ड्रिल कंपटीशन में भी शाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जेडी का ओवर ऑल बेस्ट ड्रिल मेडल हितेश यादव को प्राप्त हुआ। बेस्ट टू कमांडर वेदांत को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। एन सी सी ट्रूप के इस शानदार प्रदर्शन पर संस्था के अध्यक्ष सौरभ सिंह उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल सचिव ईश्वर खंडेलिया कोषाध्यक्ष स्वप्निल जैन सहसचिव पंकज दोशी आयव्यय निरीक्षक विकास केडिया के साथ ही अन्य पदाधिकारियों एवम सदस्यों ने एवम शाला प्राचार्य आर के विश्वकर्मा के साथ ही स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत स्वामी विवेकानंद में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

# बच्चों को गुड टच बेड टच, मौलिक अधिकार व यातायात नियमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा




बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करनौद में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बच्चों को निःशुल्क विधिक जानकारी देने का प्रावधान,गुड टच, बेड टच, मौलिक अधिकार, बच्चो के लिए मैत्री पूर्ण विधिक सहायता, घरेलू हिंसा अन्य जानकारियां दी गई।

ज्ञात हो कि प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर-चांपा एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा के निर्देशानुसार एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सह अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति चांपा के मार्गदर्शन में एवं महिला बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह द्वारा 15 जुलाई को बेटी चाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे पैरालीगल वालेटिंयर रमेश कुमार दिवाकर एवं संतोष कुमार कश्यप ने उपस्थित बच्चों को निःशुल्क विधिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी ऋचा तिवारी द्वारा बालिकाओं एवं बच्चों बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया। थाना प्रभारी बिर्रा द्वारा बच्चों की सुरक्षा उपाय, अभिव्यक्ति एप्स, सायबर अपराध, नाबालिग बच्चो को मोटर साइकल, स्कुटी नहीं चलाने की सलाह दी गई। सहायक उपनिरीक्षक शामेश देव ने बच्चों को कैरियर पर जानकारी दिया गया। थाना प्रभारी बम्हनीडीह द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट,वाहन बीमा, एवं सरस्वती सोनी काऊंसलर सखी वन स्टाफ सेंटर के बारे में जानकारी दी गई। विष्णु श्रीवास सी एच एल द्वारा चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे बताया गया। उक्त कर्यक्रम में भुपेश कश्यप सुपरवाइजर सी एच एल,अंजली बंदे पैरालीगल,एच निशा खान SOSC सखी प्रशासक जांजगीर,आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक उर्मिला भारती, दुर्गेश नंदिनी यादव,कु.अलका चंद्रा, प्रधान आरक्षक गौतम पाण्डेय थाना बिर्रा,स्कूल के प्राचार्य सत्यनारायण जलतारे,एवं शिक्षक,शिक्षिका गण बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र, छात्रा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

